# संतकबीरनगर पुलिस

**जनपद - संतकबीरनगर** **प्रेस विज्ञप्ति** **दिनॉक 11.01.2023**

आज दिनांक 11.01.2023 को अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन, गोरखपुर **श्री अखिल कुमार** पुलिस महानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र, बस्ती **श्री आर0के0 भरद्वाज** के निर्देशन, पुलिस अधीक्षक जनपद संतकबीरनगर **श्री सोनम कुमार** के मार्गदर्शन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में सन्तकबीरनगर पुलिस द्वारा किये गये सराहनीय कार्य–

**शान्ति भंग (151/107/116 सीआरपीसी) मे 03 अभियुक्त गिरफ्तार**

- **थाना कोतवाली खलीलाबाद पुलिस द्वारा** 151 / 107 / 116 सीआरपीसी मे 02 अभियुक्त गिरफ्तार किया गया।
- **थाना धर्मसिंहवा पुलिस द्वारा** 151 / 107 / 116 सीआरपीसी मे 01 अभियुक्त गिरफ्तार किया गया

**पीआरवी आफ द डे**

**पीआरवी 1494 द्वारा दो पक्षों के बीच मारपीट / विवाद को कराया गया शान्त, विवाद मे घायल 01 महिला को पहुंचाया गया अस्पताल** – पीआरवी 1494 को थाना बखिरा क्षेत्रांतर्गत पसाई से इवेन्ट संख्या 01162 से कालर ने किसी बात को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट / विवाद होने से 01 महिला के घायल होने के संबन्ध में सूचना दिया, सूचना मिलते ही पीआरवी कर्मियों द्वारा घटना स्थल पर समय से पहुंचकर विवाद को शांत कराकर विवाद में घायल महिला को इलाज हेतु जरिए एम्बुलेंस 108 से सीएचसी मेहदावल भेजवाया गया तथा घटना के संबन्ध में थाना बखिरा को अवगत कराया गया। पीआरवी कर्मियों की सतर्कता एवं सूझबूझ से घटना स्थल पर समय से पहुंचकर मारपीट में घायल महिला को अस्पताल भेजवाकर उसकी जान बचाई गयी, जिसकी स्थानीय व्यक्तियों द्वारा सराहना की गई।

**पीआरवी स्टाफ** –आ0 दीपक कुमार, आ0 प्रवीण कुमार, हो0चा0 देवेन्द्रनाथ राय।

**मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत 46 वाहनो से 36500 रु0 सम्मन शुल्क वसूल किया गया**

आज दिनांक 11.01.2023 को जनपद संतकबीरनगर के सभी थाना क्षेत्रो मे बैंक / वाहन / संदिग्ध व्यक्तियो की चेकिंग के दौरान समस्त प्रभारी निरीक्षक / थानाध्यक्ष / प्रभारी यातायात द्वारा मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत कड़ी कार्यवाही करते हुए 46 वाहनो से 36500 रु0 सम्मन शुल्क वसूल किया गया।